प्रत्यूष
नवबिहार
पटना संस्करण, वर्ष : 5, अंक : 41, मंगलवार, 16 फरवरी 2010, पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

Date: 16 February 2010

Edition: Patna

# आइपीएल क्रिकेट का मजा अब सिनेमाघर में भी

## यूएफओ मुवीज दिखायेगा आइपीएल मैच का लाइव

नगर संवाददाता

**पटना :** विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल सिनेमा नेटवर्क यूएफओ मुवीज क्रिकेटप्रेमियों के लिये आइपीएल मैच दिखाने का नया तरकीब सोची है. इसके लिये भारत के प्रत्येक राज्यों में सिनेमा की तरह ही क्रिकेट मैच का लुफ्त दर्शकों को सिनेमाहाल के पुराने दर पर प्रदान करेगी. सोमवार को राजधानी में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे यूएफओ डिजिटल सिनेमा के नेशनल सेल्स हेड दीपक रंजन ने बताया कि देश भर के सिनेमाघरों, मल्टीप्लैक्स और सिंगल थियेटर के विशाल पर्दे पर बिना किसी विज्ञापन बाधा के हाई डिफिनिशन फार्मेट पर आइपीएल 2010 मैचों का प्रसारण किया जायेगा. सिनेमाघरों में मैच देखने वाले क्रिकेटप्रेमियों को भी स्टेडियम की अनुभूति प्राप्त होगी. उन्होंने बताया कि थियेटर में पूरे परिवार के लिये क्रिकेट से जुड़े




मर्केन्डाइज,आकर्षक उपहार और विविध व्यंजनों के स्टाल उपलब्ध रहेंगे. क्रिकेटरों के जोश को और बढ़ाने के लिये कुछ थियेटरों में चीयर लीडर्स और बैंड बाजे का भी इंतजाम रहेगा ताकि मैच का जबर्दस्त लुप्त लोगों को मिल सके. वहीं यूएफओ मूवीज के स्ट्रैटजिक एडवाइजर चारूहास साटम ने कहा कि आईपीएल 2010 के लाइव रिलीज के लिए बिहार के 33 सिनेमाघरों के साथ करार किया गया है साथ ही बिहार के अन्य सिनेमाघरों से भी करार के लिये बात चल रही है. उन्होंने बताया कि देशभर के 1 हजार सिनेमाघरों में आईपीएल मैचों को दिखाने के लक्ष्य के लिए हमने देशभर के टायर2 और टायर3 शहरों के मल्टीप्लैक्स और सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर के साथ एक रणनीतिक करार दिया है. संवाददाता सम्मेलन में रीजनल मैनेजर बिहार संजय कुमार,सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर गौरव ठाकुर तथा अभिषेक ठाकुर मौजूद थे.

# आईपीएल के मैचों को सिनेमा घरों में दिखायेगा यूएफओ मूवीज

**पटना :** विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल सिनेमा नेटवर्क यू.एफ.ओ मूवीज देश के मल्टीप्लैक्स और सिनेमाघरों के विशाल पर्दे पर एचडी (हाई डिफिनिशन) फार्मेट में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तीसरे संस्करण के मैचों को प्रदर्शित करेगा. यू.एफ.ओ मूवीज इंडिया लिमिटेड के प्रमुख (सेल्स) दीपक रंजन ने आज यहां बताया कि सिनेमाघरो में इन मैचों का प्रसारण बिना किसी विज्ञापन बाधा एच.डी फार्मेट पर किया जायेगा. इस समय यूएफओ के पास देश में 1700 से ज्यादा डिजिटल स्क्रीन है और मैचों के प्रसारण के लिए कंपनी ने क्राउन इनफोटेनमेंट के साथ एक विशेष करार किया है जिसके पास आईपीएल के 2010 सीजन से लेकर 2019 सीजन तक के लिए वितरण अधिकार है. श्री रंजन ने बताया कि 12 मार्च 2010 से प्रारंभ हो रहे आईपीएल मैचों के लिए मल्टीप्लेक्स चेन सिनेमैक्स, आईनॉक्स फेम पीबीआर और सिंगल स्क्रीन थियेटरों के साथ एक रणनीतिक गठबंधन किया गया है. इसके अलावा यूएफओ मुवीज देश में आईपीएल मैचों की स्क्रीनिंग के लिए तकनीकि और व्यवसायिक पहलू भी देखेगा. उन्होंने बताया कि कंपनी ने अबतक 650 स्क्रीन के साथ हस्ताक्षर किये है जिसमे करीब 250 मल्टीप्लेक्स है. कंपनी का लक्ष्य इन मैचों को करीब एक हजार स्क्रीन पर दिखाने का है. कंपनी के अधिकारी ने कहा कि आईपीएल मैचों के दौरान पूरा देश क्रिकेट की दिवानगी में डूबा रहता है और इस समय अधिकतर फिल्में रिलीज नहीं की जाती1 इस कारण थियेटर मालिकों की आमदनी घट जाती है. उन्होंने उम्मीद जताई कि आईपीएल मैचों का थियेटरों में प्रसारण मालिकों को अपनी आमदनी बढ़ाने का बेहतर जरिया होगा. उन्होंने बिहार में मैचों को दिखाने के संबंध में बताया कि अबतक राज्य के 33 सिनेमा घरो ने इसे दिखाने के लिए हामी भर दी है.